# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com

● आष्टा ● भैरूंदा ● बुधनी ● बैरछा ● शुजालपुर ● सोनकच्छ ● कालापीपल ● हाटपीपल्या ● खातेगांव

भोपाल, 29 सितम्बर 2025


## न्यूज कार्नर

### पंकज शर्मा ने लिया पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद



**जागरण, सीहोर।** समीपस्थ ग्राम चितावलिया हेमा स्थित विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम पर चल रही पांच दिवसीय ऑनलाइन शिवमहापुराण कथा के अंतिम दिन रविवार को शर्मा ने कथास्थल पर पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजमान विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का शाल, श्रीफल और पुष्प मालाओं से स्वागत और सम्मान किया। शर्मा ने कहा कि सीहोर का सौभाग्य है कि यहां इतने बड़े संत पुरुष का जन्म हुआ है, जो केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्म के ध्वजा वाहक हैं और जिनके कारण पूरी दुनिया में सनातन धर्म की पताका लहरा रही है। शर्मा ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे इस ऑनलाइन शिवमहापुराण कथा को सुनने और पूज्य गुरुदेव का स्वागत और सम्मान करने का मौका मिला है, सभी सनातनियों को सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए तथा हमारे धर्मगुरुओं द्वारा बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

### रोटरी क्लब के 4 अक्टूबर से दो दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर

**जागरण, सीहोर।** मानवता के लिए कार्य करने वाली रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में आगामी चार अक्टूबर को दो दिवसीय महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन शहर के तहसील चौराहा के पास स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। जांच शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार आदि शामिल थे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर का शुभारंभ आगामी चार अक्टूबर को शहर के तहसील चौराहा के समीपस्थ रोटरी भवन में सुबह 10 बजे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे। शिविर में एक हजार से पांच हजार रुपए की जांच निशुल्क की जाएगी। क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच भी शामिल है, ताकि कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सके और जीवन बचाया जा सके, 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। शुरू में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक है।

### स्वदेशी जागरण मंच ने किया कार्यक्रम

**जागरण, सीहोर।** स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुषेन्द्र शर्मा ने जिला पुस्तकालय में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत छात्रों को जानकारी देते हुए यह बात कही।

#### आखिर कब लगेगी जिम्मेदारों की मनमानियों पर लगाम, प्राचार्यों को रेमेडियल कक्षाओं के संचालन के दिए निर्देश

# उप संचालक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण कम उपस्थिति होने पर जताई नाराजगी



**जागरण, सीहोर।** शनिवार को उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय के डॉक्टर महेश जैन ने जिले के उच्चतर विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान डॉक्टर जैन ने सभी चीजों की बारीकी से जानकारी ली और अनेक प्रकार की कमियां पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल इन कमियों में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि इन कमियों को शीघ्र ही दुरुस्त नहीं किया गया, तो संस्था प्राचार्यों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। इस दौरान डॉक्टर जैन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल सीहोर, पीएम श्री शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालयों में उपस्थिति कम होने के कारण उनके द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं रेमेडियल कक्षाओं का संचालन न किए जाने पर भी उनके द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इस मौके पर उन्होंने सभी उपस्थित प्राचार्यों को रेमेडियल कक्षाएं संचालन हेतु निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित टाइम टेबल एवं पुस्तकें प्राप्त कर रेमेडियल पुस्तकों के अनुसार शैक्षणिक कार्य कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक चिंता का विषय है कि एक प्रतिष्ठित जिले के विद्यालयों में बच्चों की इतनी कम उपस्थिति है। उनकी उपस्थिति कम होने के लिए संस्था प्राचार्य पूरी तरह से दोषी हैं और इसमें उनके खिलाफ अनुशासनात्मक या अन्य प्रकार की कठोर कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा सकती है। उन्होंने संस्था प्राचार्यों से किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचने के लिए उनको अपने विद्यालय की स्थिति में सुधार लाने तथा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने हेतु पूरी गंभीरता और ईमानदारी से प्रभावी कदम उठाने और इस दिशा में सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप संचालक डॉक्टर महेश जैन के साथ सीहोर डीपीसी आरआर उईके सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि सीहोर जिले में और उसमें भी विशेष रूप से सीहोर जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों में भारी अव्यवस्थाएं और गड़बड़ियां फैली हुई हैं। यहां दूरदराज के कई विद्यालयों में तो कई बार निर्धारित समय के काफी देर बाद ताले खुलते हैं, तो वहीं स्कूलों की छुट्टी भी तय समय से पहले ही कर दी जाती है और प्राचार्य तथा शिक्षक अपनी मनमर्जी चलाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों का भविष्य संकट में पड़ जाता है। कई स्कूलों में पूरा स्टाफ भी नहीं उपस्थित रहता और शिक्षक आपस में सांठ-गांठ कर रोटेशन के हिसाब से नौकरी करते हैं और बच्चों को पढ़ाने के नाम पर इनके द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जाती है तथा बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ किया जाता है। इसके अलावा कई विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण में भी गड़बड़ी की जाती है और सभी बच्चों को भोजन का वितरण ना करने पर भी भोजन बांटना दिखाकर सरकार को चूना लगाया जाता है, तो वहीं कई जगह सरकारी मानकों के आधार पर उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के बजाय घटिया स्तर का मध्याह्न भोजन बच्चों को देकर उनके स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जाता है। इसके अलावा साईकिल वितरण, गणवेश वितरण आदि में भी गड़बड़ी कर संस्था प्राचार्यों द्वारा अपने कर्तव्यों में कोताही बरती जाती है। सूत्रों के अनुसार इस सबका प्रमुख कारण सीहोर बीआरसीसी की उदासीन और लापरवाह कार्यप्रणाली है, वो स्कूलों का निरीक्षण समय पर नहीं करते हैं और कार्यालय में भी मौजूद ना रहते हुए अपने निजी कार्य करने में व्यस्त रहते हैं। उनके इसी लचर रवैए के कारण सीहोर जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों में प्राचार्यों की लापरवाही उजागर हो रहीं हैं।

## अक्टूबर में पीपीएल का आयोजन

**जागरण, सीहोर ।** शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होने के साथ-साथ निरंतर शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों से जुड़े रहते हैं। कार्य के दबाव और दिनचर्या की थकान को दूर करने हेतु प्रान्तीय शिक्षक संघ, जिला सीहोर द्वारा अक्टूबर माह के अंत में प्रान्तीय शिक्षक संघ प्रीमियर लीग (पीपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की पाँचों ब्लॉक सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरुंदा एवं बुधनी तथा डीईओ कार्यालय की टीमें भाग लेंगी। इस आयोजन में शिक्षकों के साथ-साथ विभागीय कर्मचारी भी शामिल होकर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। क्रिकेट प्रारूप में होने वाले इस आयोजन के अंतर्गत रोमांचक मैच खेले जाएंगे, जो आपसी भाईचारा और खेल भावना को प्रोत्साहित करेंगे। प्रतियोगिता की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रान्तीय शिक्षक संघ परिवार, जिला सीहोर की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी,मार्गदर्शक आलोक शर्मा ,गतिविधि प्रभारी अताउल्लाह खान, आशीष शर्मा जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना एवं संघ के पदाधिकारियों ने आयोजन स्थल क्रिकेट ग्राउंड का निरीक्षण किया। मैदान की व्यवस्थाओं, पिच की स्थिति और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई।

## किसानों के हितों की रक्षक है सरकार की भावांतर

**जागरण, सीहोर ।** जिले के ग्राम बिजोरी निवासी किसान श्री जसवंत सिंह इस साल अपनी सोयाबीन की फसल के भाव को लेकर चिंतित थे। जब सोयाबीन का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे जाता दिखाई दे रहा था, तो ऐसा लगा मानो मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पाएगा। तभी प्रदेश सरकार ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए भावांतर योजना शुरू की। इस योजना का उद्देश्य है कि यदि मंडी में फसल का भाव समर्थन मूल्य से कम मिलता है, तो सरकार उस अंतर की राशि सीधे किसान के खाते में जमा करेगी। किसान श्री जसवंत सिंह कहते हैं कि इस योजना से हम जैसे किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इस बार भले ही सोयाबीन का दाम समर्थन मूल्य से कम हो जाए फिर भी सरकार भावांतर योजना के तहत घाटे की भरपाई कर देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के हितों को देखते हुए भावांतर योजना शुरू की है।

## चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग सीहोर ने बड़वानी को 4-1 से हराया



**प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी अनिकेत ने किए लगातार 2 गोल**

**जागरण, सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता का मुकाबले खेला गया। इस मैच में बिल्डअप सीहोर टीम ने बडवानी एफसी को 4-1 से हराया। इस मैच में प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी अनिकेत ने लगातार दो गोल किए। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, अताउल्ला खान, धर्मेन्द्र माहेश्वरी और आयुष गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार की शाम को बिल्डअप सीहोर और बडवानी एफसी के मध्य मैच खेला गया। इस मैच के दौरान सीहोर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से यह मैच जीता। इसमें अनिकेत ने सीहोर की ओर से शुरूआत में दो गोल किए, इसके अलावा प्रियुष थापा-अब्दुल ने एक-एक गोल किया।

## एक वर्षीय व्यावहारिक ज्योतिर्विज्ञान 30 अक्टूबर तक आवेदन

**जागरण, सीहोर ।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान एक वर्षीय व्यवहारिक ज्योतिर्विज्ञान (ज्योतिष) और व्यावहारिक वास्तु शास्त्र डिप्लोमा कोर्स शुरू कर रहा है। डिप्लोमा के लिये एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 25 सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आवेदन 30 अक्टूबर 2025 तक किये जा सकेंगे। इसके लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता माध्यमिक शिक्षा मंडल अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कक्षाएं एक नवम्बर 2025 से ऑनलाइन प्रारंभ की जायेंगी। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से ज्योतिर्विज्ञान कक्षाओं का संचालन सप्ताह में 3 दिवस सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं व्यावहारिक वास्तु शास्त्र कक्षाओं का संचालन सप्ताह में 3 दिवस मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को किया जायेगा।

## कलाकार अरहान पटेल का पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया स्वागत




**जागरण, सीहोर।** फिल्म तू मेरी पूरी कहानी के मुख्य कलाकार अरहान पटेल सीहोर पहुंचे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय सहित उनके समर्थकों और सिनेमा प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले फिल्म स्टार हीरो रणविजय से भेंट की थी। श्री राय ने कलाकार पटेल से कहाकि हमारा सीहोर फिल्म के लिए आदर्श स्थल है। जिले में फिल्मों की शूटिंग के लिए एक अनुकूल माहौल है। सीहोर का प्राकृतिक सौंदर्य और आसपास के गांवों का वातावरण फिल्म निर्माताओं की पसंद बन गया है। अब जिले के गांवों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। अरहान पटेल अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए सीहोर आए थे। उनकी फिल्म तू मेरी पूरी कहानी इन दिनों सीहोर के लिसा टॉकीज में प्रदर्शित हो रही है। पटेल का सीहोर के मुख्य मार्गों और लिसा टॉकीज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरहान पटेल ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है। उन्होंने अपनी पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि जिस लिसा टॉकीज में वह कभी फिल्में देखने आते थे, आज उसी टॉकीज में उनकी अभिनय वाली फिल्म लगी है। पटेल ने आगे कहा कि मुंबई एक ऐसा शहर है जहां मेहनत और लगन से काम करने पर सब कुछ मिलता है। उन्होंने अपने संबोधन में जोर देते हुए कहा, हीरो-हीरोइन बनना छोड़िए, पहले एक अच्छा इंसान बनना चाहिए।

## शोध और अविष्कारों की सुरक्षा को समर्पित दो दिनी कार्यशाला




**जागरण, सीहोर ।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईपीआर सेल के संयुक्त तत्वावधान में अपनी सोच की सुरक्षा बौद्धिक संपदा अधिकारों पर एक व्यापक कार्यशाला विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन के मुख्य समन्वयक डॉ. संतोष राय एवं सह-समन्वयक डॉ. सचिन बारसकर रहे, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से कार्यशाला को स्वरूप मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के सान्निध्य एवं डॉ. मोहित गंगवार के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व एवं उसके व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ. राजेंद्र सिंह कुशवाह ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर शुभकामनाएँ दीं। द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में श्री विकास असावत (पेटेंट वकील एवं ट्रेडमार्क संरक्षण अधिवक्ता, कोटा, राजस्थान) एवं डॉ. श्याम आकाशे (डीन एवं प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग, आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर) उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, नवाचार के संरक्षण तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की व्यावहारिक उपयोगिता पर गहन जानकारी साझा की और शोध एवं आविष्कारों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन देश दीपक ने किया तथा समापन अवसर पर डॉ. रंजीत कुमार पूसे ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं प्रोत्साहित की गई।

## मरीह माता मंदिर में मंगलवार रात्रि बारह बजे की जाएगी महानिशा महाआरती



**जागरण, सीहोर ।** हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। रविवार को मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में कन्याओं को प्रसादी का वितरण मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। अब आगामी मंगलवार को महाष्टमी और बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि की एक तिथि बड़ने से रविवार को छठवे स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि के नौ दिनों में प्रत्येक दिन देवी दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की आराधना की जाती है। छठे दिन मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा का विधान है। योग साधना में इस दिन साधक का मन %आज्ञा चक्र'में स्थित होता है, जो आत्मज्ञान और भक्ति की ऊंचाई का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु जब सम्पूर्ण समर्पण भाव से मां कात्यायनी की उपासना करता है तो उसे सहज ही मां के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी एवं भव्य स्वरूप से युक्त हैं। स्वर्ण के समान चमकीला वर्ण, सिंह वाहन और चार भुजाओं वाली मां कात्यायनी अत्यंत तेजस्विनी प्रतीत होती हैं। इनके बाए हाथ में कमल और तलवार है, वहीं दाहिने हाथ आशीर्वाद और स्वास्तिक मुद्रा से सुशोभित हैं। भगवान कृष्ण को पाने की कामना से व्रज की गोपियों ने इन्हीं की आराधना यमुना (कालिंदी) के तट पर की थी। मां कात्यायनी का प्राकट्य महर्षि कात्यायन की तपस्या का फल है। महिषासुर के अत्याचार से त्रस्त देवताओं की प्रार्थना पर जब ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने अपने तेज से एक दिव्य देवी का आविर्भाव किया।

# 3 अक्टूबर से महाराष्ट्र में होगी ऑनलाइन कथा

### भक्ति रूपी बीज ही धर्म की उपज देता-पंडित मिश्रा



**जागरण, सीहोर।** भक्ति रूपी बीज ही धर्म की उपज देता है इसका अर्थ है कि भक्ति ही वास्तविक धर्म का मूल स्रोत है और भक्ति से ही धर्म का विकास और फल प्राप्त होता है। जैसे एक बीज को पानी देने पर वह पेड़ बनकर फल देता है, उसी प्रकार हृदय में बोया गया भक्ति का बीज भगवान के पवित्र नाम और लीलाओं के श्रवण व कीर्तन से पोषित होकर भक्ति की लता को बढ़ाता है, जो अंतत- आध्यात्मिक आनंद रूपी फल प्रदान करती है। हर परिस्थिति में ईश्वर में अटूट विश्वास बनाए रखें, यह भक्ति का सबसे बड़ा लक्षण है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन शिव महापुराण के पांचवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। अब आगामी आगामी कथा तीन अक्टूबर से महाराष्ट्र जलगांव में आयोजित होगी। उन्होंने युवाओं से कहाकि अपनी संगति में सुधार करें, गलत संगत में पड़कर अपना जीवन बर्बाद नहीं करें। आप संगति का महत्व तो जानते ही होंगे हमारे जीवन में संगति एक अहम रोल अदा करती है। ये संगति का ही असर होता है की अच्छे लोग बुरे लोगो की संगत में बुरे आदत पाल लेते है तो वही कई बुरे आदत वाले लोग भले लोगो के संगत में रहकर खुद को बिल्कुल बदल देते है तो यह संगति का ही नतीजा होता है। रविवार को उन्होंने एक युवा का पत्र पड़कर बताया कि 20 वर्षीय एक युवक है जो जिला बालाघाट में निवासरत है उनको तीन साल पहले बुरी आदत के कारण बीमारी हो गई थी, जिसके कारण उनकी पड़ाई में मन नहीं लग रहा था और बीमारी का इलाज भी नहीं हो रहा था, उन्होंने अपनी चाची को इस संबंध में बताया तो उन्होंने भगवान शिव की भक्ति के लिए उसको प्रेरित किया। उसके उपरांत जब युवक के अंदर भक्ति के प्रति भरोसा आया तो पड़ाई में मन लगने के साथ ही बीमारी ठीक हो गई। यह भक्ति की शक्ति का परिणाम है।

पंडित मिश्रा ने कथा के दौरान सभी से आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार बीज अंकुरित होता है उसी प्रकार बच्चों को कम उम्र में ही सनातन संस्कृति और धर्म के प्रति जागरुक करें। बच्चें बीच के समान है। जिस प्रकार बीज अंकुरित होगा वही पेड़ बनेगा। ऐसे में ज्ञान और सनातन संस्कृति की शिक्षा बच्चों को देने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को संगति पर जोर दिया। जिस संगति में हम रहेंगे और जो मनोभाव होगा उसका हम पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रतिदिन शिव मंदिर जाए और भगवान को जल चढ़ाए। भक्ति से ही व्यसन मुक्ति संभव है। कथा श्रवण करने जाए तो अपना अभिमान त्याग कर जाएं। पंडित मिश्रा ने कहा कि सैनिक सीमा की रक्षा करते हैं इसी प्रकार कथाकार सनातन धर्म की सभ्यता की संस्कृति की रक्षा करते हैं। कथा चाहे कोई भी हो चाहे वह श्रीमद्भागवत हो, शिव महापुराण सभी कथा हमें संस्कृति से जोड़ती है।

## मौसम ने मारी पलटी, जिलेभर में बारिश का दौर शुरू



**जागरण, सीहोर।** बीते दिनों तापमान में दर्ज हो रही बढ़ोतरी से लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन शनिवार और रविवार को आसमान में छाए बादल गरज और चमक के साथ बरसने लगे। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से पूरा शहर तर बतर हो गया, वहीं लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि पूर्व विदर्भ और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित आबदाब पश्चिम दिशा से लगभग 43 किमी प्रति घंटा की गति से बीते छह घंटों में आगे की ओर बढ़ा है, जिसके कारण निम्न दबाव क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है, इसी के चलते जिले में आसमान में छाए हल्के घने बादल बारिश का कारण बन रहे हैं। गौरतलब है कि जिले में तो बारिश अब औसत से अभी भी पीछे बनी हुई है। जिले में कुल औसत बारिश 1148.4 मिमी होती है, जबकि इस बार 1042.2 मिमी ही बारिश हो सकी है। अभी भी सामान्य बारिश के लिए 100 मिमी बारिश की जरूरत बनी हुई है। तहसील स्तर पर इस बार भेरूंदा, बुधनी और रहती में ही औसत बारिश हो सकी है। जबकि सीहोर, श्यामपुर, आष्टा, जावर, इछावर में अभी भी औसत बारिश के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि जिले में 15 सितंबर तक मानसून बिदा हो जाता है।

## न्यूज कार्नर

### जाट समाज अध्यक्ष गणेश का क्षेत्र में स्वागत, सामाजिक एकता पर दिया जोर

**भेरूंदा।** नर्मदा क्षेत्रीय जाट समाज भेरूंदा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश भारी का पदभार संभालने के बाद क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया जा रहा है। गत दिवस पूर्व एक सामाजिक बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुने गए गणेश भारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और समाजजनों से मिल रहे हैं। अपने पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद भारी ने क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में वे सबसे पहले गाँव पड़गांव पहुँचे जहाँ समस्त ग्रामवासियों ने उनका भव्यता से स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पाड़गांव के बाद उनका काफिला ग्राम जमुनिया पहुँचा। जमुनिया में समाज के लोगों ने पहनाकर और नारों के साथ अध्यक्ष का स्वागत किया।

### मातृ शक्ति का शौर्य प्रदर्शन निकला पथ संचलन

**रमगड़ा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा शक्ति की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में इस समय ज़िलेभर में दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान शस्त्र पूजन कर ग्रामों और नगरों में गौरवशाली पद संचलन की परंपरा निभाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य मातृ शक्ति में शौर्य, आत्मरक्षा और राष्ट्र भक्ति की भावना को जागृत करना है। इसी क्रम में 28 सितंबर रविवार को बांया में मातृ शक्ति का एक भव्य और अनुशासित पथ संचलन आयोजित किया।

### कन्याओं का हुआ सम्मान सामाजिक सद्भाव का संदेश

**भैरुंदा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेवा भारती नगर भैरुंदा मे एक अत्यंत भावपूर्ण कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से संस्कार केन्द्र की कन्याओं के सम्मान और पूजन के लिए समर्पित था। जिसने भारतीय संस्कृति में मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा के भाव को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने छोटी कन्याओं को साक्षात देवी का रूप मानकर उनका विधि-विधान से पूजन किया।

# शिवराज ने परिवार सहित लगाई मां बिजासन में हाजिरी, मांगा प्रदेश की समृद्धि का आशीर्वाद

**जागरण रेहटी।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार देर शाम को को अपने गृह क्षेत्र के आराध्य स्थल बिजासन धाम सलकनपुर पहुँचे। हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्होंने नवरात्रि की पंचमी तिथि पर माँ विजयासन के दरबार में सपरिवार हाजिरी लगाकर आध्यात्मिक परंपरा का निर्वहन किया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए सलकनपुर धाम सिर्फ एक मंदिर नहीं.बल्कि आस्था का एक बड़ा केंद्र है। शनिवार देर शाम जैसे ही वह अपनी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्रों कार्तिकेय, कुणाल एवं बहुओं के साथ धाम पहुँचे तो जय माँ विजयासन के नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा।



परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा देश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि माँ विजयासन का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। यह शक्तिपीठ सभी को समृद्धशाली बनाए और हर संकट से दूर रखे। हालांकि केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दो बार परिवर्तित हुआ। लेकिन उनके अंतिम रूप से शाम करीब 8 बजे पहुँचने पर भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने पारंपरिक सम्मान के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

पहाड़ी के नीचे केंद्रीय मंत्री ने स्वयं अपने हाथों से बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जिसने आम जनता के साथ उनके सीधे और सरल जुड़ाव को दर्शाया।.इस अवसर पर बुधनी विधानसभा विधायक रमाकांत भार्गव, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व प्रदेश मंत्री रघुनाथ सिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सोयत में नवरात्रि की धूम- प्रतिदिन हो रहा माँ भवानी का भव्य श्रृंगार, सप्तमी पर कन्याभोज

**रमगडा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम सोयत का गणेश चौक इन दिनों भक्ति और आस्था के केंद्र में बदल गया है। यहाँ समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से माँ भवानी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर अखंड आराधना की जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माँ भवानी के नौ विभिन्न रूपों का आकर्षक और मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। माता रानी की आराधना में सैकड़ों की संख्या में माताएं बहनें एवं पुरुष बड़ी श्रद्धा के साथ भाग ले रहे हैं। सुबह और शाम की भव्य आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण का अनुभव कर रहे हैं। समिति ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का समापन भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। सप्तमी तिथि के अवसर पर ग्रामवासियों की ओर से कन्या पूजन और विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया है। रामनवमी पर~ हवन किया जावेगा। जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण कर आयोजन का समापन होगा।


## पीतांबरा मां बगलामुखी मंदिर में प्रतिदिन रात्रि में हो रहा हवन

**भैरुंदा।** नगर के पीतांबरा( मां बगलामुखी मंदिर में प्रतिदिन विशेष हवन का आयोजन नवरात्रि के पावन मौके पर किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष अनुष्ठान की आहुतियां डाली जा रही है। गुड़ बाजार में मां पीतांबरा बंगलामुखी का प्राचीन मंदिर है यह मन्दिर वर्षों पुराना है बताया जाता है कि बंगलामुखी माता ने एक परिवार के सदस्य को स्वप्न दिया था यहां पर स्थित माता की मूर्ति स्थापित कर मन्दिर का निर्माण कर बंगलामुखी माता की प्रतिमा स्थापित करें। बंगलामुखी माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजन पाठ कर रहे हैं। नवरात्र में प्रति वर्ष मन्दिर को सजाकर लाइटिंग से जगमगाता है। नवरात्र में नो दिनो तक संगीतमय आरती पूजन की जाती है। मंदिर में धूमधाम से पूजन किया जा रहा है।

## भैरुंदा में नवरात्रि महोत्सव : कृषि ऊपज मण्डी समिति

**भैरुंदा।** कृषि ऊपज मण्डी समिति द्वारा मण्डी प्रांगण मे आदिशक्ति माता दुर्गा संग भगवान भोलेनाथ, पुत्र गणेशजी के साथ विराजमान हैं यह प्रतिमा भक्तो के लिए अदभुद है, दूर दूर से भक्तगण आरती में शामिल होकर आरती पूजन कर प्रसादी ग्रहण करते हैं। नीलकंठ रोड़ पर स्थित नव युवक मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिमा स्थापित कर समिति द्वारा भक्ति भाव पूजन अर्चन करते हैं एवं भक्तगण को प्रसादी बांटी जाती है। भारत माता- जेपी मार्केट स्थित भारत माता चौक में भारत माता उत्सव समिति द्वारा विगत कई वर्षों से भारत माता की प्रतिमा की स्थापना की जाती है, यहां पर समिति द्वारा आरती पूजन कर प्रसादी बांटी जाती है, नगर में भारत माता चौक पर स्थित भारत माता की प्रतिमा देख भक्ति का संदेश देने समिति द्वारा प्रति वर्ष भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जाती है, यहां पर दर्शन करने भक्तो का ताता लगा रहता है।

## 40 किमी पदयात्रा कर मां को अर्पित करेंगे चुनरी



**जागरण, भैरुंदा।** नगर के प्रमुख मार्गों से देर रात को ग्राम नीम खेड़े की चुनरी यात्रा देवी धाम सलकनपुर के लिए निकली। ग्रामीण 40 किलोमीटर पदयात्रा करते हुए देवी धाम पहुंचकर मां बिजासन को चुनरी अर्पित करेंगे।

## आरएसवी ने जीती जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता

**भैरुंदा।** जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय भैरूंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालयआष्टा के द्वारा किया गया था। जिसमें सीहोर जिले की कुल 8 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय की टीम ने कुल 14.5 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की विजयी टीम में जिज्ञांश पंवार, असमित पटेल, नमन पंवार, और मोहित पंवार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल थे। इन सभी छात्रों ने खेल शिक्षक सुमित शर्मा के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सफलता के परिणामस्वरूप, टीम के तीन प्रमुख खिलाड़ियों नमन पंवार, जिज्ञांश पंवार, और असमित पटेल का चयन आगामी संभाग स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है।जीत पर संस्था संचालक डॉ. नरेन्द्र सिंह भाटी ने समस्त विजयी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही, संस्था के उपप्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह चंदेल ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को अग्रिम बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं में सफलता की कामना की। महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी इस उल्लेखनीय विजय के लिए पूरी टीम को बधाई प्रेषित की।

## मरदानपुर शिविर में ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**रेहटी।** स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मरदानपुर में आयोजित भव्य स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मरदानपुर और सत्य साई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। चिकित्सक टीम ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। शिविर में मुख्य रूप से महिलाओं और बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मरदानपुर की सरपंच श्रीमती दीपिका मालवीय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। वहीं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी बुधनी डॉ. धनजीत बडोदिया ने सत्य साई अस्पताल के डायरेक्टर कर्नल (डॉ.) आलोक कुलश्रेष्ठ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण अंचलों की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के सफल संचालन में संस्था प्रभारी डॉ. कंचन वहाने स्टाफ नर्स निकिता नर्सकोले, अनिल शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग का पूरा स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। यह आयोजन स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान की दिशा में स्वास्थ्य विभाग का एक सराहनीय और सफल कदम माना जा रहा है।

## न्यूज कार्नर

### उदित ने जिले को किया गौरवांवित

**जागरण, नर्मदापुरम।** युवा संगीतकार उदित नारायण तिवारी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले को गौरवांवित किया है। स्वामीजी, नर्मदा जी, माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से



उन्होंने मध्यप्रदेश संगीत वर्ग-2 चयन परीक्षा 2025 में प्रदेश मेरिट सूची में 100 स्कोर के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उदित बचपन से ही संगीत के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। उदित नारायण तिवारी अब तक शंकर महादेवन, साधना सरगम, अनुराधा पौडवाल, सुरेश वाडकर, सूर्य गायत्री और अभिजीत सावंत जैसे नामचीन कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। वे नर्मदापुरम् के एक प्रतिभाशाली लेखक, गीतकार और संगीतकार के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजन, गुरुजन और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत में विद्यार्थी चयनित



**जागरण, नर्मदापुरम।** 13 मध्य प्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर चार कैडेट्स इंदौर में आयोजित एक भारत, श्रेष्ठ भारत शिविर में शामिल हुए। ये सभी कैडेट्स कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में यहां से शिविर के लिए रवाना हुए। केंप में शामिल होने वाले कैडेट्स में वेदज्ञ भूषण शर्मा, युवराज यादव, अश्विन श्रोती, नैतिक ठाकुर हैं। बटालियन के अधिकारियों और सेकंड ऑफिसर विजय श्रीवास्तव ने उन्हें रवाना किया।

### त्रैमासिक निरीक्षण आज

**जागरण, नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का प्रतिमाह मासिक निरीक्षण एवं त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण 29 सितम्बर सोमवार को प्रात: 10 बजे कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा किया जाएगा।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में किसी को मिली निराशा तो किसी का हुआ प्रमोशन



**जागरण, नर्मदापुरम।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला की जिला भाजपा की प्रतीक्षारत कार्यकारिणी शुक्रवार देर शाम जारी हुई जिसमें पूर्व के पदाधिकारियों में महामंत्री मुकेश मैना और कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित को पुनः वही दायित्व मिला वहीं कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंत्री ज्योति चौरे का भी प्रमोशन हुआ और वे महामंत्री बनी है। दरअसल महामंत्री को लेकर हुई जोर आजमाइश में सामान्य वर्ग पिछड़ गया और दो पिछड़े वर्ग से और एक अजजा से महामंत्री बनाए गए। पार्टी के पावर सेंटर में नर्मदापुरम विधायक भारी पड़े और दो महामंत्री सहित अन्य पद पर भी अपने समर्थकों को स्थान दिलाने में सफल हुए हालांकि उनके पसंदीदा युवा अनुराग तिवारी मंत्री नहीं बन पाए बताया जा रहा है कि कांग्रेस से भाजपा में आए सम्राट तिवारी सीधे प्रदेश प्रभारी के प्रभाव के चलते इन पर भारी पड़ गए और मंत्री पद का दायित्व पाने में सफल रहे जिसके बाद विधानसभा से ब्राह्मण की संख्या पर अंकुश लगाने गोलू तिवारी टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। संघ पृष्ठभूमि वाले प्रांशु राने भी मंत्री बनाए गए है हालांकि उन्होंने महामंत्री के लिए दावेदारी की थी लेकिन सोहागपुर विधायक की कड़ी आपत्ति के कारण मंत्री पद से ही संतोष करना पड़ा। वहीं सोहागपुर विधानसभा से विजयपाल सिंह कुंअर यादव को महामंत्री तथा निखिलेश चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष बनवाने में सफल रहे। श्री यादव को विजयपाल सिंह के अलावा राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का भी समर्थक माना जाता है।

पूर्व सांसद और मंत्री उदयप्रताप सिंह के समर्थक राहुल सिंह को संभाग प्रभारी पंकज जोशी के वरदहस्त के बावजूद महामंत्री पद नहीं मिल सका सामान्य वर्ग से उनकी और लोकेश तिवारी की मजबूत दावेदारी थी जबकि ब्राह्मण जिलाध्यक्ष होने से महामंत्री पद ब्राह्मण को न दिए जाने के फार्मूले के कारण लोकेश तिवारी को भी उपाध्यक्ष से ही संतोष करना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार जयकिशोर चौधरी स्वास्थ्य कारणों से कार्यकारणी में नहीं आ पाए उनकी भी मजबूत दावेदारी थी।

मुख्यालय से जहां गोविंद राय का मंत्री बनाकर कई दावेदारों को चौंका दिया वहीं वंदना दुबे को भी सह कार्यालय मंत्री बनाकर संतुष्ट करने का प्रयास किया है। हालांकि अभी दो उपाध्यक्ष और दो मंत्री के पद रिक्त है जिनको लेकर जिलेभर से बचे हुए दावेदारों के बीच जमकर लॉबिंग होगी।

## हितग्राहियों को मिली आर्थिक सहायता

**जागरण, सोहागपुर।** विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से सोहागपुर, माखननगर एवं नर्मदापुरम के 25 हितग्राहियों को 03 लाख 05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर माखन नगर के 06 हितग्राही राजकुमार मीना, यशोदा, नर्मदाप्रसाद मीना श्री शेरसिंह मीना ग्राम खिड़िया विकासखंड माखननगर, रमेश कुमार शर्मा रमाकांत शर्मा बार्ड नं. 13 पटैल मोहल्ला माखननगर, भूपेन्द्र आ0 नर्मदा प्रसाद प्रजापति वार्ड नं.02 माखननगर एवं रामभरोष भैयालाल अहिर ग्राम आरी माखननगर को क्रमशः 25-25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह नर्मदापुरम, सोहागपुर के हितग्राहियों को राशि स्वीकृति मिली।

## 1387.5 मिमी वर्षा दर्ज

**जागरण, नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून से 28 सितम्बर तक 1387.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि 28 सितम्बर तक तहसील नर्मदापुरम में 42.9, सिवनीमालवा में 57.0, इटारसी 46.2, माखननगर में 24.0, सोहागपुर में 25.0, पिपरिया में 15.4, बनखेड़ी में 15.4, पचमढ़ी में 27.4 एवं तहसील डोलरिया 68.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। रविवार को भी जिले में दिनभर रूक-रूक कर हल्की बारिश होती रही।

## बांद्राभान में चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न



**जागरण, नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शासकीय माध्यमिक शाला बांद्राभान में माध्यमिक शिक्षिका सीमा गौर के मार्गदर्शन में स्वच्छता विषयक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परिणामस्वरूप कक्षा 8वीं की योगिता पासी ने प्रथम स्थान, कक्षा 8वीं की हिमांशी पासी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 7वीं की दीक्षा पासी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका सीमा गौर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उन्हें यह समझाया जा रहा है कि विद्यालय के साथ-साथ घर और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्यों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

## पात्र हितग्राहियों को 30 सितंबर तक हो खाद्यान्न वितरण : कलेक्टर

**जागरण, नर्मदापुरम।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों को सितंबर माह के खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण 30 सितंबर तक सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना खाद्य विभाग एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कार्यरत समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला आपूर्ति नियंत्रक, उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न के शत प्रतिशत वितरण के लिए शनिवार और रविवार सहित अवकाश के अन्य दिनों में भी सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानो को खोला जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि अवकाश के दिनों में भी खाद्यान्न का उठाव एवं परिवहन सुचारू रखा जाए साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये हैं संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि परिवहनकर्ताओं द्वारा शनिवार, रविवार सहित सितंबर माह के शेष सभी दिनों में प्रदाय केंद्रों से खाद्यान्न का उठाव कर उचित मूल्य दुकानों तक परिवहन करवाया जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले में आज दिनांक तक माह सितम्बर के आवंटन का शत प्रतिशत उठाव कर शासकीय उचित मूल्य दुकानों तक पहुंचाया जा चुका है एवं पात्र हितग्राहियों में से कुल 85 प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है एवं उक्त संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने समस्त अनुभागीय अधिकारियों (राजस्व) को भी निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत शनिवार और रविवार सहित सितंबर माह के समस्त अवकाश के दिवसों में भी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को खुला रखवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिससे जिले में शेष हितग्राहियों को माह के अंत तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण हो सके। कलेक्टर ने कहा कि उक्त समस्त निर्देशों का अधिकारी कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## मां विजयासन धाम महुआढाना में 451 फीट की चुनरी अर्पित

**जागरण, सिवनी मालवा।** मां खेड़ापति से विशाल चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई जो की 451 फिट लंबी चुनरी को अर्पण की गई। विशाल चुनरी यात्रा सुबह 10 बजे से प्रारंभ की गई जो की मां शीतला दरबार कछ्छू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, गांधी चौक, पाठक चौक, पिपलिया, एवं खरार होते हुए मां बिजासन धाम महुआ ढाना पहुंची यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही जलपान एवं फलाहार भक्तों को खिलाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया विशाल चुनरी यात्रा गाजे बाजे के साथ ढोल धमाके के साथ बरसते पानी में निकाली गई।



साथ ही कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जो की नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विजयासन धाम महुआ ढाना पहुंची जहां पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा पूजा अर्चन किया गया। इसके बाद भंडारा प्रसादी में हजारों की संख्या में नगर सहित ग्राम वासियों ने भाग लेकर मां बिजासन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चुनरी यात्रा में राजसभा सांसद माया नारोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मंदिर के निर्माण कार्य हेतु अनुदान राशि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा : महाविद्यालय में कुटीर एवं लघु उद्योग पर हुआ व्याख्यान



**जागरण, नर्मदापुरम।** जिले में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने संबंधित आदि जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के लिए कुटीर एवं लघु उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा पांडे के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान में प्राध्यापक डॉ. गजेंद्र वाईकर ने छात्राओं को कुटीर एवं लघु उद्योग की स्थापना एवं वित्तीय आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही डॉ. पदम शर्मा ने उद्यमी में आवश्यक गुणों की जानकारी दी, वहीं डॉ. मनीष दीक्षित ने बताया कि 21वीं सदी में महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भाजपाइयों ने वरिष्ठ गल्ला व्यापारी नवनीत के निवास पर सुनी मन की बात

# प्रधानमंत्री की मन की बात समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरणा देता है: विधायक गोपाल सिंह

**जागरण, आष्टा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं। यह कार्यक्रम केवल एक रेडियोवार्ता न होकर, जनमानस के हृदय से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का अनुपम प्रयास है। मन की बात के द्वारा ग्राम से लेकर नगर, शहर, महानगरों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को मन की बात से प्रेरणा प्राप्त होती है। इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने वरिष्ठ गल्ला व्यापारी नवनीत संचेती के निवास पर मन की बात सुनने के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार यह स्मरण कराते हैं कि राष्ट्र की प्रगति केवल शासन की नीतियों से नहीं, अपितु प्रत्येक नागरिक के सत्कर्म और सक्रिय सहभागिता से संभव ही संभव है। प्रधानमंत्री का रेडियो कार्यक्रम मन की बात समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरणा देता हैं, उनके संकल्पों को ऊर्जा प्रदान करता हैं।

मन की बात भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मानवीय मूल्यों को पुनः प्रतिष्ठित करती है। छोटे-



छोटे प्रयासों को सामूहिक शक्ति में परिवर्तित करने का आह्वान इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता है। वास्तव में यह कार्यक्रम जनमन का दर्पण और राष्ट्र की आत्मा का प्रतिबिंब हैं। वर्तमान समय में जब संपूर्ण देश शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी के पावन पर्व का उत्सव मना रहा हैं, तब मन की बात हमें यह संदेश देती हैं कि असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय ही भारत की सनातन परंपरा है। विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि मन की बात से प्राप्त प्रेरणाओं को जीवन में धारण कर भारत माता के उज्ज्वल भविष्य हेतु योगदान देना हम सबका कर्तव्य है तथा स्वदेशी का संकल्प पत्र भर कर सभी ने संकल्प लिया कि भारत को आत्मनिर्भर, समर्थ, शक्तिशाली बनाने के लिये स्वदेशी को अपनाएंगे।

विधायक श्री इंजीनियर ने श्रीमती प्रेमबाई संचेती, नवनीत संचेती, श्रीमती अर्चना संचेती, विरल संचेती का शाल ओढ़ाकर, साफ पहनकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्री इंजीनियर, भाजपा जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागौरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बड़जात्या, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, सुरेशचंद्र सोनी, सोनू गुणवान, गजराजसिंह पटेल, महेंद्र सेठ, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट का संचेती परिवारजनो ने स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ किराना व्यापारी संजय सिंघवी, धनरुपमल जैन, मोहित सोनी, सुशील संचेती, मनोज ताम्रकार, सुमित मेहता, होटल व्यापारी अध्यक्ष सौरभ शीतल, रविंद्र रांका, तरुण नागोरी, रूपचंद्र श्रीश्रीमाल, संदीप जैन, कैलाश सोनी पाँचम, प्रेम डसानिया, रितेश सोनी पांचम, जितेंद्र सिठोलिया, रोहित सेन, रितेश धाड़ीवाल, स्नेहलता रुनवाल, रेखा सिंगी, जिनेंद्र बनवट, समकित सिंगी, शुभम सोनी, धर्मेंद्र परिहार आदि मौजूद थें। आभार नवनीत संचेती ने व्यक्त किया।

## अनुष्का-अधिष्ठा की भजन संध्या में उमड़ा जन सैलाब



**जागरण, आष्टा।** नगर के गांधी गंज स्थिम माँ राजराजेश्वरी मंदिर पर आयोजित अनुष्का-अधिष्ठा बहनों की भजन संध्या में बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया। अनुष्का-अधिष्ठा के भजनों पर लोगो ने नृत्य किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अवधनारायण सोनी, वरिष्ठ गल्ला व्यापारी महेंद्र मूदंडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, समाजसेवी जितेंद्र दादा सोनी, गोलू मूदंडा, ललित नागौरी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, संतोष झंवर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, श्रीमती सुनीता सोनी, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र मेहता शेलू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ॠतु जैन, पार्षद रवि शर्मा, राजेश गोतम, गोविंद चौहान, संजीव गोतम, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी, भाजपा नेता विशाल चौरसिया, सुमित मेहता, अवनीश पिपलोदिया, राजेश राठौर सुमित भूतिया, जय पिपलोदिया, सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थें। समिति अध्यक्ष अनिवेश गुप्ता, अक्षित झंवर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारी वर्षा भी भक्तों के उत्साह को कम नही कर सकी।

## देवनखेड़ी सरकार, रूपेश एवं भट्ट का वीरेंद्र राठौर ने किया स्वागत



**जागरण, आष्टा।** अनाज तिलहन व्यापारी एसोसियशन की बैठक कृषि उपज मंडी में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से रूपेश राठौर को पुनः चौथी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रूपेश राठौर के अध्यक्ष मनोनीत होने पर वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र राठौर ने स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र राठौर ने देवनखेड़ी सरकार एवं अनाज तिलहन व्यापारी एसोसियशन के अध्यक्ष एवं व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट का सांफा बधाकर तथा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात रहे कि रूपेश राठौर लगातार चौथी बार अनाज तिलहन व्यापारी एसोसियशन के अध्यक्ष बने हैं।


## माँ महिषासुर मर्दिनी के दरबार में अष्टमी को होगी महाआरती, बड़ी संख्या में पहुचेंगे श्रद्धालु

**जागरण, जावर।** नगर के प्राचीन माँ महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर मे नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर सहित आसपास के श्रद्धालुओ की दर्शनार्थ भीड़ लग रही है। नवरात्रि के दौरान परंपरानुसार इस वर्ष भी अष्टमी के दिन 30 सितंबर मंगलवार शाम 7 बजे नए स्वरुप में महाआरती का आयोजन रखा गया है। मंदिर समिति के सदस्यो ने बताया की महाआरती के दिन मंदिर परिसर में साज-सज्जा की जाऐगी, वही ढोल-नगाडो, तासो के साथ माँ महिषासुर मर्दिनी की महाआरती होगी तथा विशेष प्रसादी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जावेगा।

माँ महिषासुर मर्दिनी मंदिर समिति ने नगर एवं क्षेत्र के नागरिको से आग्रह किया हैं कि 30 सितंबर मंगलवार को प्राचीन माता मंदिर में आयोजित महाआरती शामिल होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करे। रविवार को अन्नपूर्णा नगर स्थित कृषि उपज मण्डी प्रांगण में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। माँ अन्नपूर्णा की विशेष पूजा अर्चना कर ढोल-ढमाको के साथ महाआरती सम्पन्न् हुई एवं महाप्रसादी का वितरण अनाज तिलहन व्यापारी एसोसिएशन द्वारा किया गया। माता के मंदिर को मंदिर समिति के युवाओं द्वारा साज-सज्जा कर सजाया गया जो आकर्षक का केंद्र रहा। वहीं बालिकाओं ने गरबा कर दर्शको का मन मोह लिया।

नगर के माँ महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, श्रीराम मंदिर, अंबिका नगर, शिवजी नगर में शाम होते ही गरबा प्रारंभ हो जाता है। जो देर रात तक चल रहा है, जिसे देखने के लिए अपार भीड़ ऊमड़ रही है। नवरात्रि के दौरान नगर सहित क्षेत्र में मां दुर्गा के मंदिरो व पांडालो में साज सज्जा की गई, जगह-जगह स्थापित आकर्षक झांकियों में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी जारी है। नवरात्रि के दौरान नगर में चहुओर गरबा और डांड़िया की धूम है। नगर के कई स्थानों पर आकर्षक पाण्डाल बनाए गए यहां गरबा नृत्य के माध्यम से मां की अराधना की जा रही हैं। नगर सहित क्षेत्र के मेहतवाडा, गुराडिया, कजलास, डोडी, खजुरिया, बमुलिया आदि जगहो पर माता रानी की भक्ति का नौ दिवसीय शरदीय नवरात्र पर्व पर आकर्षक पंडालो में देवी की प्रतिमा स्थापित की गई। जिसमें आकर्षक साज सज्जा कि गई इस बार मूर्तिया पंडालों में इंदौर देवास भोपाल के मुर्तीकारो द्वारा निर्मीत आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई। मेहतवाडा में माँ जगदम्बे की स्थापना हरसिद्वी मैया मंदिर प्रागण, सीतला माता मंदिर प्रागण, तीन बत्ती चौराहा, स्कूल चौराहा, जैन मार्केट बायपास चौराहा, लालपुरा, नैहरू कालोनी, गांधीचौक आदि स्थानो पर पर मां की स्थापना कर प्रतिदिन गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## रामलीला के प्रथम दिन : भगवान श्रीराम ने तोड़ा धनुष



**जागरण, जावर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दु उत्सव समिति द्वारा उज्जैन से आई ओम श्री रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है, रामलीला के प्रथम दिन भगवान शिव का धनुष तोडकर माता सीता से विवाह किया। रामलीला के मंचन में लक्ष्मण-परसुराम संवाद हुआ जब मंदराचल पर्वत पर तपस्या में लीन परशुरामजी की तपस्या उस समय भंग हो गई, जब अच्छे-अच्छे महारथी महाराज सीता स्वयंबर में धनुष को उठा भी न सके और दषरथ पुत्र भगवान श्रीराम ने वह धनुष आसानी से उठाकर उसका भजन किया एवं माता सीता के साथ स्वयंबर रचाया। रामलीला के प्रथम दिन हिउस अध्यक्ष कृष्णपाल ठाकुर, सचिव आकाश पांचाल, कोषाध्यक्ष रवि भावसार, संरक्षक एवं सदस्यो ने रामलीला का शुभारंभ किया। रामलीला देखने के लिए क्षेत्र के लोग बडी संख्या में पहुंच रहे है। हिउस नें नगर व क्षेत्र के लोगो से रामलीला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### किसानों ने टमाटर फेंक कर किया रोड जाम

**जागरण शाजापुर।** टंकी चौराहा किसानों के आक्रोश का गवाह बनाए जब कमीशन एजेंटों द्वारा माल खरीदी से इंकार किए जाने पर बड़ी संख्या में किसान सड़क पर उतर आए। रविवार सुबह नाराज़ किसानों ने टमाटर सड़क पर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया और रोड जाम कर जमकर नारेबाजी की। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम मनीषा वास्कलेए नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगाए जिसके बाद स्थिति शांत हुई। किसानों का कहना है कि वे सब्जी मंडी में टमाटर बेचने पहुंचे थे, लेकिन एजेंटों ने खरीदने से मना कर दिया। वहीं एजेंटों ने सफाई दी कि किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए मंडी में तंबू बांधे गए थे, परंतु नगर पालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में शनिवार को ये तंबू हटा दिए गए। उचित व्यवस्था न होने के कारण वे फ़िलहाल किसानों का माल नहीं खरीद पा रहे हैं।

### नवाचार घर में पकाएंगे- घर का खाएंगे

**जागरण शाजापुर।** महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सहायक संचालक नीलम चौहान द्वारा गत दिवस पोषण माह अंतर्गत शुजालपुर चौबे विद्यालय में आयोजित गरबा उत्सव में ष् घर में पकायेगे . घर का खायेंगेष् अंतर्गत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शुजालपुर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने उपस्थित महिलाओं को घर के बने पौष्टिक खाद्य पदार्थों की जानकारी दी एवं पोषण के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान गरबा उत्सव में मौजूद लगभग 500 महिलाओं को घर में पकायेगे घर का खायेंगे विषय पर शपथ दिलाई गई। सेक्टर चोमा में पर्यवेक्षक आशा जांगडे द्वारा गरबा पंडाल में महिलाओ को घर में पकायेगे- घर का खायेंगे विषय पर शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि जिले में पोषण माह अंतर्गत जिले का नवाचार घर में पकायेगे . घर का खायेंगे थीम पर वृहद हस्ताक्षर एवं शपथ अभियान चलाया जा रहा हैए जिसके तहत ग्राम खोरिया ऐमा सरपंच अनीता पाटीदार द्वारा उक्त नवाचार में सहभागिता करते हुए नवाचार को जन आन्दोलन का रूप दिया है। श्रीमती पाटीदार ने ग्राम में घर. घर जा कर जिले द्वारा किए जा रहे नवाचार के संबंध में जानकारी देते हुए वृहद शपथ दिलाई।

# संघ के पथ संचरण में घोष की गूंज शौर्य और अनुशासन का प्रतीक



**राजा राठौर जागरण शाजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचरण में जब घोष के स्वर गूंजते हैं तो पूरा वातावरण अनुशासन, शक्ति और सांस्कृतिक गौरव से भर उठता है। घोष केवल संगीत का माध्यम नहींए बल्कि यह संघ की परंपराए अनुशासन और सामूहिकता का जीवंत प्रतीक है। संघ की 100 वर्ष की इस गौरवशाली यात्रा में घोष ने सदैव अपनी विशेष भूमिका निभाई है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने जब संगठन की नींव रखी, तब उन्होंने अनुशासन को सर्वोपरि माना। पथ संचरण इसी अनुशासन और संगठन शक्ति का परिचायक है। घोषदल की धुनें संचरण को भव्यता और ऊर्जा प्रदान करती हैं। नगाड़े, झांझ, बांसुरी और बिगुल की ताल से जब स्वयंसेवक कदमताल मिलाते हैं तो दृश्य अद्भुत हो उठता है।

### संघ शताब्दी वर्ष में घोष की गूंजों से गूंजेगा नगर

घोष का इतिहास संघ में लगभग 9 दशक पुराना है। प्रारंभ में केवल लाठी और कदमताल के साथ संचरण होता था, किंतु 1930 से घोष को एक विधिवत रूप दिया गया। धीरे-धीरे संघ ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों को अपनाकर घोष को सांस्कृतिक और अनुशासनात्मक दोनों रूपों में विकसित किया। आज संघ के हर बड़े आयोजन में घोष की धुनें दिशा देती हैं। घोषदल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें न कोई व्यक्तिगत प्रदर्शन होता है और न ही किसी की अलग पहचान। हर वादक सामूहिक तालमेल में अपनी भूमिका निभाता है। यही संघ का संदेश भी है कि संगठन में व्यक्ति नहींए बल्कि समष्टि की शक्ति ही सर्वोपरि होती है। शाजापुर में भी पथ संचरण के अवसर पर घोषदल का विशेष आकर्षण रहता है। जब घोष के स्वर गूंजते हैं तो नगरवासी पथ पर उमड़ पड़ते हैं। घोष केवल कानों को आनंदित नहीं करता, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति की ज्वाला भी प्रज्वलित करता है।

### घोष के प्रमुख वाद्य यंत्र

1 **नगाड़ा**- गगनभेदी स्वर से उत्साह और शक्ति का संचार करता है।

2 **झांझ**- ताल और लय को संतुलन प्रदान करता है।

3 **बांसुरी**- मधुरता और शांति का संदेश देती है।

4 **बिगुल**- वीरता और अनुशासन का प्रतीकए संचरण को दिशा प्रदान करता है।

इस वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष होने से पथ संचरण और भी विशेष महत्व रखता है। घोषदल की प्रस्तुतियों में भी इस अवसर पर नए उत्साह का संचार देखने को मिल रहा है। यह केवल परंपरा का निर्वाह नहीं, बल्कि नए युग में भारत की सांस्कृतिक शक्ति को प्रदर्शित करने का माध्यम है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगर में पथ संचरण विजयादशमी 2 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से स्थानीय हायर सेकेंडरी ग्राउंड से निकलेगा इस बार संचरण में कल 10 घोष दाल शामिल रहेंगे। इन दलों में 10 वर्ष से लेकर बड़ी आयु वर्ग के स्वयंसेवक विगत 1 महीने पूर्व से प्रतिदिन सुबह.-शाम दोनों समय अभ्यास भी कर रहे है साथ ही नगर के कई प्रमुख मार्गों से घोष दल अभ्यास के लिए निकल रहा है, जिसे देख नागरिकों में बहुत उत्साहित है ,संघ का मानना है कि घोष की गूंज से समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना और प्रबल होती है। यही कारण है कि पथ संचरण में घोष की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है और शताब्दी वर्ष में इसका महत्व और भी बढ़ गया है।

## भारी बारिश भी नहीं रोक पाई नगर में निकलने वाली प्रभात फेरी को


**जागरण नलखेड़ा।** नगर में श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से शुरू हुई प्रभात फेरी प्रतिदिन नगर में निकाली जा रही है प्रभात फेरी में शामिल सदस्यों द्वारा प्रमुख पर्वों पर पर्व के अनुरूप प्रभात फेरी निकाली जाती है।

रविवार को प्रातः काल नगर में निकाली गई प्रभात फेरी को भारी बारिश भी नहीं रोक पाई क्योंकि देर रात्रि 2. 00 बजे से शुरू हुई बारिश प्रातः 6. 00 बजे तक जारी रही जिसके चलते भारी बारिश में प्रभात फेरी के सदस्यों की आस्था कम नहीं हुई नवरात्रि पर्व के दौरान एक बालिका को मां देवी का रूप धारण करवाकर प्रभात फेरी में शामिल किया गया। मां का रूप धरे उक्त बालिका प्रभात फेरी में आकर्षण का केंद्र रही। प्रभात फेरी चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई प्रभात फेरी मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां मां बगलामुखी मंदिर के सामने स्थित नाले के पुल पर पानी था पल पर पानी होने के बाद भी प्रभात फेरी के सदस्य मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे वहां से प्रभात फेरी पुनः चौक बाजार पहुंची जहां प्रभात फेरी का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा



निकाली जा रही प्रभात फेरी में रामनवमी, हनुमान प्राकट्य उत्सव, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी सहित अन्य प्रमुख त्योहारों पर प्रभात फेरी के सदस्यों द्वारा त्योहार के अनुसार प्रभात फेरी निकाली जाती है।

# तेज रफ्तार कार ट्रक से भिड़ी, युवक की मौत, पांच घायल



**जागरण शाजापुर।** जिले के सनकोटा गांव के पास तेज रफ्तार कार रविवार तड़के ट्रक से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गईए जबकि पांच अन्य यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस और निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यशपाल को इंदौर रेफर किया गयाए जबकि अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी यात्री देवास जिले के चापड़ा के निवासी हैंए वे आगर जिले में स्थित मां बगलामुखी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। मृतक की पहचान सुमित पांचाल के रूप में हुई है। घायलों में कुंदनए अजयए विकास और विशाल शामिल हैं।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से 11 वर्षीय बालिका घायल, चालक गिरफ्तार

**जागरण शाजापुर।** मदरसे से पढ़कर घर लौट रही 11 वर्षीय बालिका को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गईए जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे हुई। ग्राम भोपाखेड़ी निवासी आलिया अपनी सहेलियों के साथ पैदल लौट रही थीए तभी पीछे से आई सफेद कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची सड़क पर गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैए जिसमें साफ दिख रहा है कि तेज रफ्तार कार ने अचानक बच्ची को टक्कर मारी। सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार चालक को पकड़ लिया। कार में चार लोग सवार थेए जो नलखेड़ा से मां बगलामुखी के दर्शन कर महू लौट रहे थे। पुलिस ने कार और चालक को जब्त कर लिया है। घायल बालिका के पिता शाकिर खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रोजाना मदरसे पैदल पढ़ने जाती है।


## शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती पर आम आदमी पार्टी ने किया माल्यार्पण



**जागरण शाजापुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहीद.ए.आज़म भगत सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वार्ड 26 स्थित भगत सिंह चौराहे पर आयोजित हुआए जहां कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एडवोकेट विवेक शर्मा ने कहा कि श्भगत सिंह केवल एक नाम नहीं, बल्कि आज़ादी, त्याग और क्रांति के प्रतीक हैं। जिस तरह उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता का सपना देखा, उसी जज़्बे से हमें भी समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे आना होगा।श् कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका प्रशासन पर प्रतिमा की उपेक्षा को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज़ादी के इस महानायक की प्रतिमा बदहाल स्थिति में है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पार्टी ने नगरपालिका से तत्काल प्रतिमा की रंगाई-पुताई और रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ शहीदों का सम्मान देख सकें। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिया लाला, गोरधन धानुक, वकील ख़ान, संतोष, इमरान वारसी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने इंकलाब ज़िंदाबाद के नारों के साथ शहीद.ए.आज़म भगत सिंह का जन्मोत्सव मनाया।

## न्यूज कार्नर

### देथलिया खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**देवास।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के प्रतिष्ठापूर्ण हुए चुनाव में देवास के शिक्षाविद् लीलाधर देथलिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वे लंबे समय से चंद्रवंशी खाती समाज के उत्थान हेतु कार्य कर रहे है। वे शिक्षा के क्षेत्र में भी कई उपलब्धि हासिल कर चुके है। देथलिया के निर्वाचित होने पर समाजजनों व स्नेहीजनों ने बधाई प्रेषित की है।

### अंतिम संस्कार में मधुमक्खी का हमला, कई घायल

**पीपलरावां।** शनिवार को समीपस्थ ग्राम नाग पचलाना में सुबह कमलाबाई पति सेवाराम व बाबूलाल, रमेशचंद्र, कैलाश, रूपेश की माताजी का निधन हो गया था। उनकी शवयात्रा निज निवास से श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। कुछ दूरी पर श्मशान घाट होने से शव विश्रांति स्थल पर दो पीपल के वृक्षों पर मधुमक्खी के छत्ते पर पटाखे की आवाज सुन मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया, जिससे शव यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों ने सोयाबीन के खेतों में जाकर अपने आप को बचाने की नाकाम कोशिश की, किंतु अचानक हमले से अनभिज्ञ लोगों को अपनी जान बचाने हेतु भागते देखा किंतु असफल रहे, जिसको जहां जगह दिखी, वहीं छिपते नजर आए। इस दौरान सरपंच कैलाशचंद्र कल्लूखेड़ी, पत्रकार अंबाराम शिंदे, विष्णु शिंदे, रमेशचंद्र, अंबाराम डींगला आदि घायल हो गए, जिनका इकलेरा माताजी, चौबाराधीरा, पीपलरावां, टोंकखुर्द, देवास आदि के अस्पताल में इलाज करवा रहे है। स्थानीय नागरिकों ने सरपंच-सचिव से छत्ते तुड़वाने की मांग की है।

### नवरात्रि पर्व पर प्रेरणा की प्रतिध्वनि का समापन



**सोनकच्छ।** पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित प्रेरणा की प्रतिध्वनि कार्यक्रम का तृतीय एवं अंतिम चरण शुक्रवार को जूम मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंदौर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और सेवा के मार्ग पर नई ऊर्जा और जागृति प्रदान की। नगर की मनीषा लाठी ने जयवंता बाई का किरदार निभाया और अपनी ओजस्वी भाषा और एकल अभिनय कला से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने इंदौर अहिल्यांचल संयुक्त मंत्री किरण लखोटिया एवं पदाधिकारी और सदस्यों का आभार माना। अतिथि महिला सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष ललिता मालपानी, ममता मोदानी, वीणा सोमानी और शोभा सादानी शामिल थीं। मालपानी ने स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र बचाओ अभियान पर प्रेरक उद्‌बोधन देते हुए कहा कि नारी ही इस कार्य को सफल बनाने की धुरी है। इस दौरान विभिन्न पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया। संचालन शोभा माहेश्वरी ने किया और आभार साधना बियानी ने माना।

### समाजसेवी सेंगर का निधन



**सोनकच्छ।** समाजसेवी स्व. ठा. किसनसिंह सेंगर के पौत्र सहकारी नेता ठा. घनश्यामसिंह सेंगर के पुत्र भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुं. निरंजनसिंह सेंगर एवं नवीनसिंह सेंगर के भाई एवं घनश्याम बस सर्विस के संचालक कुं. प्रवीणसिंह सेंगर का निधन हो गया। वे अत्यन्त ही मिलनसार तथा हंसमुख स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। रविवार दिन के 1 बजे जवाहर मार्ग स्थित उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें राजपूत समाज सहित अन्य समाजजन व राजनेता आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्मशान घाट पर आयोजित शोकसभा में पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, समाजसेवी सत्यनारायण लाठी, नरेंद्र छापरवाल, बलवीर सिंह छाबड़ा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, मनोज राजानी, भेरुलाल अटारिया आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र जयवर्धन सिंह सेंगर द्वारा दी गई।

# बारिश में भी भक्तों का सैलाब, एबी रोड पर लगा जाम

## शनिवार-रविवार को देवास में लगा माता भक्तों का मेला



### कलेक्टर-एसपी रात भर करते रहे गश्त
### रसूलपुर चौराहा से लेकर टेकरी तक 50 से अधिक भंडारे लगे



**देवास।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार-रविवार रात देवास की प्रसिद्ध माता टेकरी पर आस्था का विशाल मेला दिखाई दिया। माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु देर रात तक कतारों में डटे रहे। आसपास के जिलों सहित दूर-दराज के गांवों और शहरों से आए भक्तों ने मंदिर परिसर में भक्ति का अद्‌भूत वातावरण रचा। शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे से शहर में बारिश का दौर शुरु हो गया, जो करीब 3 बजे तक रुक-रुककर चलता रहा। बावजूद इसके बारिश में भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और भक्त माता के जयकारे लगाते हुए टेकरी पहुंचे। शनिवार-रविवार को देवास शहर का नजारा मेले सा दिखाई दे रहा था, हर तरफ माता भक्त ही नजर आ रहे थे। वहीं इन भक्तों के स्वागत के लिए शहर की तमाम सामाजिक संस्थाएं आतुर नजर आई। देवास शहर में रसूलपुर चौराहा से लेकर टेकरी तक 50 से अधिक स्थानों पर भंडारे के आयोजन किए गए, जहां विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री का वितरण भक्तों को किया गया। शनिवार रात को शहर में भक्तों का इस तरह सैलाब उमड़ा कि शहर का मुख्य मार्ग एबी रोड जाम सा हो गया। प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए सभी पार्किंग स्थल फूल हो गए। शनिवार देर रात कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोत स्वयं माता टेकरी पर मौजूद रहे। उन्होंने कंट्रोल रूम से लगातार भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखी और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति पर तुरंत कार्यवाही संभव हो सके। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने शंख द्वार और सीढ़ी द्वार पर जिगजैग बैरिकेडिंग की। इस व्यवस्था से दूर-दराज से आने वाले भक्तों को सुगमता से दर्शन का अवसर मिला। शहर में अलग-अलग स्थानों पर वाहन पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई, ताकि यातायात बाधित न हो।





### शहर में भी भक्ति और उल्लास का माहौल

नवरात्रि की रौनक से पूरा देवास शहर दुल्हन की तरह सजा हुआ है। मोहल्लों और कालोनियों में माता के पंडालों में शाम से देर रात तक गरबों की धूम रही। नन्हीं बालिकाओं और युवतियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा नृत्य कर उत्सव को और आकर्षक बना दिया। चारों ओर माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान है, जहां हर कोई भक्ति में लीन दिखाई दे रहा है।

### माता की भक्ति में डूबे भौंरासा नगरवासी

**भौंरासा।** बाबा भंवरनाथ महाराज की नगरी भौंरासा में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर में कई जगह सुंदर व आकर्षक माताजी की प्रतिमा विराजित कर पारंपरिक गरबे का आयोजन भी किया जा रहा है। रंग-बिरंगे परिधानों में बालिकाओं द्वारा पारंपरिक गरबा नृत्य कर मां अंबे की आराधना की जा रही है। जहां नगर में अलग-अलग मोहल्लों, गली, चौराहों पर मंच बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। नगर के बस स्टैंड पर न्यू लायंस क्लब, बिजाशन क्लब, न्यू आराधना, गोल्डन क्लब, मां भवानी क्लब, वैष्णोदेवी क्लब, श्रद्धा क्लब, स्टैंण्डर्ड क्लब, संगठन क्लब, अध्याय ग्रुप, बाबा अमरनाथ क्लब सहित अन्य चौराहों पर भी मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है। पूरा नगर मानो भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है।

## सरस्वती शिशु मंदिर ने निकाली चुनरी यात्रा



**कांटाफोड़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा नगर कांटाफोड़ में भव्य चुनरी यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई एवं विद्यालय बहिनों ने गरबा प्रस्तुत किया। इस यात्रा में मां राजराजेश्वरी और मां सप्तश्रृंगी माता को समिति परिवार, विद्यालय परिवार और भैया-बहनों की आस्था और श्रद्धा प्रतीक चुनरी समर्पित की गई। चुनरी यात्रा में पोपेन्द्र सिंह बग्गा, पार्षद अनिरुद्ध शर्मा, समिति सचिव अशोक राठौर, कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज तिवारी, डॉ. आंनद मालवीया, डॉ. बी.पी. मालवीया, अरुण डावी, मनीष मालवीया सहित पत्रकार गण सम्मिलित हुए। नगरवासियों द्वारा छोटी-छोटी कन्याओं का जगह-जगह पर स्वागत और पार्षद सुशील पसारी, राजेन्द्र मालवीया, अजय पाराशर, भूषण तिवारी, विशाल मालवीया द्वारा फल वितरण किए गए। प्राचार्य विनोदराय निगम ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार होता है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द की भावना जागृत होती है। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख अवधेश राठौर, राहुल शर्मा ने दी।

## मंत्री विजयवर्गीय माफी मांगें : महिला कांग्रेस



**देवास।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा श्री राहुल गांधी एवं उनकी बहन श्रीमती प्रियंका गांधी को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में देवास महिला कांग्रेस ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। महिला कांग्रेस की नेता एवं पूर्व महापौर रेखा वर्मा तथा महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना गलोदिया ने अपनी महिला साथियों के साथ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर जब पूरा देश मां दुर्गा की आराधना में लीन है, ऐसे समय में महिलाओं का अपमान करना निंदनीय है। मां दुर्गा स्वयं नारी शक्ति और सम्मान की प्रतीक हैं। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर की गई टिप्पणी घोर पाप है। विजयवर्गीय को सार्वजनिक रूप से महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहला अवसर नहीं है, जब कैलाश विजयवर्गीय ने नारियों का अपमान किया हो। पूर्व में भी उन्होंने कई बार महिलाओं पर अपमानजनक बयान दिए हैं। महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि वे तत्काल कैलाश विजयवर्गीय को मंत्रिमंडल से हटाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि विजयवर्गीय ने सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो महिलाएं सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगी। इस अवसर पर विनोदिनी व्यास, वंदना पांडे, साधना प्रजापति, वंदना बड़ोदिया, मंजुला रायकवार सहित अनेक महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, प्रदीप चौधरी, सुधीर शर्मा, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, राजेश राठौर, रोशन रायकवार भी मौजूद रहे।

## कैफे के बाहर युवती से कर रहा था युवक हिंदू संगठनों ने धुना

### हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**देवास।** देवास शहर में कई बार जिहादी मानसिकता वाले लोगों को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं व पुलिस द्वारा सबक सिखाया जा चुका है। बावजूद इसके वे युवतियों के साथ छेड़छाड़ व लव जिहाद करने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसे ही एक मुस्लिम युवक को शनिवार की शाम को राम नगर चौराहा के पास स्थित टोरीमोन कैफे के बाहर एक हिंदू युवती के साथ छेड़छाड़ करते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरदबोचा और जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद उसे सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी माजिद अली निवासी बड़ा बाजार देवास द्वारा राम नगर चौराहा पर एक कैफे के बाहर खड़ी युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। जब इस बात की जानकारी किसी राहगीर ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी तो सूचना मिलते ही कुछ कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और छेड़छाड़ करने वाले युवक को धरदबोचा और जमकर धुनाई कर दी। इसी दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस को भी सूचना की गई। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने माजिद के खिलाफ धारा 74, 78 (1), अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम की धारा 3 (1), 3 (2) (वीए) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी हितेश पाटिल ने बताया कि आरोपी से सघन पूछताछ की जा रही है और वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## स्थानीय दुग्ध सहकारी समिति की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



**हाटपीपल्या।** स्थानीय दुग्ध सहकारी समिति की वार्षिक साधारण सभा शनिवार को मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ के पूर्व संचालक रमेशचंद्र जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, राजेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता तथा अजय प्रेम जोशी, नरबेसिंह तलाया, गंगाराम धनगर, चंदर सिंह पटेल के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर साधारण सभा का शुभारंभ किया। साधारण सभा में समिति के कामकाज, लाभ और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। गत वर्ष समिति के प्रदर्शन का मूल्यांकन और आगामी वर्ष का लक्ष्य रखा गया। उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कृत किया गया। सदस्य हितैषी निर्णय लेते हुए आगामी दिनों में दुग्ध उत्पादकों को लाभ और बोनस का वितरण करने निर्णय लिया गया। वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन समिति सचिव संतोषमल कुमार पंचोली ने किया। वर्ष 2024-2025 का आय व्यय प्रस्तुत किया, जिसमें संस्था ने वर्ष 2024-2025 में शुद्ध लाभ 2,68,547 रुपये का अर्जित किया। आगामी वर्ष का बजट भी सदस्यों के समक्ष रखा। दुग्ध शीत केंद्र चापड़ा के प्रबंधक के.एस.राव, पर्यवेक्षक अंकित पटेल ने इंदौर दुग्ध संघ की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। सम्मेलन मे विजेंद्र पटेल, देशराज धनगर, शंकरलाल रलोती, बाबूलाल अजमेरा, देवेंद्र पटेल, जितेंन्द्र राजावत, लोकेंद्र हरनिया, धर्मेन्द्र रलोती, गोविंद बराया, मनोहर कराडिया सहित अनेक समिति सदस्य मौजूद थे। संचालन व आभार विनोद जोशी ने किया

### अमलतास के चेयरमैन मयंकराज सिंह सम्मानित



**देवास।** अमलतास के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया को हाल ही में एक महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्हें क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की क्वालिटी प्रमोशन एडवाइजरी काउंसिल हेल्थकेयर में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का परिणाम है, बल्कि मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच ) के राष्ट्रीय सीईओ डॉ. अतुल मोहन कोचर ने मयंकराज सिंह भदौरिया को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर श्री भदौरिया ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि मरीज चाहे सरकारी अस्पताल में भर्ती हो या निजी अस्पताल में उसे गुणवत्तापूर्ण इलाज प्राप्त करने का समान अधिकार होना चाहिए। यह सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत अभियान की भावना के अनुरूप है, जिसे अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में धरातल पर उतारने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### नेत्रदानी परिवार को आभार पत्र भेंट



**सोनकच्छ।** शनिवार को रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेशचंद्र सामरिया का निधन हो गया। परिजनों की सहमति पर उनके नेत्रदान किए गए। नेत्रदान संग्रह करने वाली संस्था द्वारा परिजनों को आभार पत्र भेंट किया। नेत्रदान कार्य में रोटरी के सत्यनारायण लाठी, हुकमचंद्र अग्रवाल, दिनेश कारपेंटर, दिनेशचंद्र राठौर, महेशचन्द्र राठौर, डॉ. बुरहानुद्दीन बोहरा का सहयोग रहा।

### विद्यासागर में नवरात्रि उत्सव, गरबे की धूम

**खातेगांव।** विद्यासागर कॉलेज में नवरात्रि पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे कॉलेज परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया और वातावरण माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुई। तत्पश्चात




छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया की शानदार प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती रमा मंडलोई, मुस्कान गंगराड़े, माधुरी यादव, शिवानी बेड़ा और आरती मकवाना द्वारा किया गया। पूरा आयोजन मातृशक्ति के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर जजमेंट तक की जिम्मेदारी निभाई। कालेज डायरेक्टर आलोक जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं तथा उनमें सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाते हैं।

### शहीद भगतसिंह प्रतिमा पर किया नमन

**हाटपीपल्या।** नगर में शहीद भगत सिंह की 118 वीं जयंती बड़े ही सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहीद भगत सिंह रक्त समूह के सदस्यों द्वारा नगर के भगत सिंह चौराहे पर पहुंचे और शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कपिल जाट ने युवाओं को भगत सिंह के पद चिन्ह पर चलने का आह्वान किया। रक्त समूह द्वारा भगत सिंह अमर रहें के नारे लगाए और उनके बलिदान को याद किया। सामाजिक संगठनों ने भी इस जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया व मिठाई बांटी। इस अवसर पर सोहन जाट ने शहीद भगत सिंह को याद करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में भगत सिंह का योगदान सबसे बड़ा था। भगत सिंह एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राण देश की स्वतंत्रता के लिए न्यौछावर कर दिए।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास
संभाग क्रमांक-32, बडवाह, जिला-खरगोन (म.प्र.)
पत्र क्रमांक/कार्य/आई एस पी. कालीसिंध/25,
बडवाह, दिनांक 27/09/2025

//जाहिर सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा नवनिर्मित 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चापडा से नर्मदा विकास संभाग क्र.32 बडवाह, जिला-खरगोन (एन.वी.डी.ए.) के आई.एस.पी.कालीसिंध उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना (प्रथम चरण) में पम्प हाउस क्र. 3 एवं 4 में विद्युत प्रदाय हेतु बिजली लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह लाइन देवास जिले के अंतर्गत बागली तहसील के ग्राम-इकलेरा, गुराडिया, चापडा, मातमोर, माकडिया, अगुर्ली, बामनखेडी, बजरंगगढ , टुमढीखेडा, बोरखलिया, गादिया, इत्यादि ग्रामों से होकर गुजरी है। उक्त लाइन को दिनांक 29.09.2025 को सुबह 10 बजे के पश्चात् कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है। अतः उपरोक्त क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध है कि उक्त लाइन को लोहे के खंभे अथवा तारों के साथ किसी भी प्रकार की छेड छाड या संपर्क ना करें और अपने मवेशियों को भी लोहे के खंभे व लाइन से दूर रखे एवं लाइन के तारों से सुरक्षित दूरी बनायें रखें व तारों के समीप किसी भी प्रकार की वस्तु जैसे बांस लोहे की छड अन्य लम्बी वस्तु ना ले जावें व ना ही कोई निर्माण कार्य तारों के समीप असुरक्षित दूरी तक करें, अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से होने वाली किसी भी दुर्घटना एवं जानमाल की क्षति के लिए यह कार्यालय एवं इस कार्यालय द्वारा नियुक्त ठेकेदार जिम्मेदार नही रहेंगे।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग
क्रमांक 32, बडवाह, जिला खरगोन म.प्र